आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त कार्यालय आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला जिला बन गया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म, हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीडिता का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया। स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कार्य बल का गठन किया।
- लिटिल अंडमान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आर के पुर में डायलिसिस इकाई स्थापित किया गया है।
- राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ट्रेंड नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की द्वीपसमूह इकाई द्वारा कल प्रातरापुर स्कूल में स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दक्षिण अंडमान ज़िले के लिए व्यापक ज़िला पर्यावरण योजना तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय आईएसओः प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला जिला बन गया है। मुख्य सचिव केशव चंद्र ने कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा को आई एस ओ प्रमाणपत्र सौंपा। जिला कार्यालय, दक्षिण अंडमान को भूमि राजस्व, कानून और व्यवस्था के रखरखाव, भूमि अभिलेखों के रखरखाव, आपदा प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा, विभिन्न प्रमाणपत्र प्रदान करने, उप–मंडलों और तहसीलों के पर्यवेक्षण और प्रबंधन, लोक शिकायत निवारण और चुनाव प्रबंधन जैसी गतिविधियों के लिए आई एस ओ प्रमाणन प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीडिता महिला डाक्टर का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर. सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ये

कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में रेजीडेंट डॉक्टरों और विशेष रूप से महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम तैनात करने का भी आदेश दिया।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आर के पुर में डायलिसिस इकाई स्थापित किया गया है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल इसका वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। लिटिल अंडमान के प्रमुख परमानाथन ने बताया कि क्षेत्र में ये पहली डायलिसिस इकाई है और इससे अब बीस से अधिक मरीजों को डायलिसिस के लिए पोर्ट ब्लेयर जाने की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने गांव में ही रहकर इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने कदाचार को रोकने और निवेशकों के हितों को सुरक्षित करने के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। दिशा–निर्देशों में यह सुनिश्चित किया गया है कि ऋणदाता लेन–देन में मूलधन और ब्याज या दोनों के संदर्भ में होने वाले पूरे नुकसान को वहन करें। ऋण देने या लेने वाली ईकाइयां, अपनी सेवाओं को निवेश उत्पादों के रूप में प्रचारित नहीं कर सकती हैं और वे ऋणदाताओं को मूलधन और ब्याज दोनों पर होने वाले नुकसान की जानकारी देने के लिए जवाबदेह हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ट्रेंड नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की द्वीपसमूह इकाई द्वारा कल प्रातरापुर स्कूल में किशोरों के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग प्रशिक्षक और एसोसिएशन के सचिव श्रीनिवासन ने बच्चों को अच्छे और सकारात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए किशोर अवस्था के दौरान मानसिक समस्याओं से निपटने और स्वस्थ मानसिकता पर बल दिया और एच पी वी वैक्सीन पर जानकारी प्रदान की। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सुझाव के अनुसार नौ से चौदह वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच पी वी वैक्सीन के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी गई। नर्सिंग अधिकारी कलावती दत्ता ने नशीली दवाईयों के दुरूपयोग और मादक पदार्थों के सेवन की समस्याओं से निपटने के बारे में बताया। नर्सिंग अधिकारी जी. पिंकी ने किशोरों में व्यक्तिगत स्वच्छता, लड़कों और लड़कियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में पोषण संबंधी आवश्यकताओं और अनिमिया से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।

संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों को पावर प्वाइंट और वीडियो के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लगभग एक सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के पोर्ट ब्लेयर केन्द्र में आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न विषयों पर वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम आज सुबह ग्यारह बजे से आकाशवाणी परिसर में आरंभ होगा।

<><><><><><><>

मीठे पानी में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग की ओर से स्थानीय रूप से उपलब्ध मछली के चारे का वितरण किया गया। मानसून सत्र में विभाग द्वारा रंगत, टुगापुर, मायाबंदर में प्रजनन कार्यक्रम आयोजित कर चारे का वितरण किया गया। मध्योत्तर अंडमान जिले में मीठे पानी में मछली पालन को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने के लिए करीब बीस गांव में मत्स्य बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से हैचरी का निर्माण करने का भी अनुरोध किया। सहायक निदेशक तपन कुमार बिश्वास ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सरकार की ओर से महिला लाभार्थियों को पन्द्रह लाख और सामान्य लाभार्थियों को दस लाख रूपये तक की वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है। उन्होंने डिगलीपुर में स्थापित मत्स्य हैचरी की सफलता की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग मध्योत्तर अंडमान ज़िले में घर के पिछवाड़े सुअर पालन को लोकप्रिय बनाने का प्रयास कर रहा है। विभाग की ओर से वेबी में सरकारी फार्म भी चलाया जा रहा है। इससे ज़िले के किसानों की पशुधन की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। पिछले वित्त वर्ष के दौरान विभाग की ओर से ज़िले के किसानों को डेढ़ सौ से अधिक बाल सुकरों का वितरण किया गया। इसके अलावा चारा प्रबंधन पर नियमित आधार पर अल्पावधि वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इच्छुक किसानों से इस संबंध में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालयों से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के लिए व्यापक जिला पर्यावरण योजना तैयार किया गया है। ज़िला उपायुक्त ने इस योजना को जारी करते हुए कहा कि इसे इस तरह तैयार किया गया है, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके। ये योजना गहन शोध और सामुदायिक भागीदारी का नतीजा है, जो ज़िले को पारिमैत्री बनाने में सहयोग देगा। दक्षिण अंडमान ज़िले में पर्यावरणीय चुनौतियों को

सुलझाने में भी योजना कारगर होगा। इसमें संरक्षण, कचरा प्रबंधन, जलवायु और वहनीय विकास के लिए बातें रखी गई है। स्थानीय सरकारी अधिकारियों, पर्यावरणीय विशेषज्ञों, हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से ज़िले की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने में सहयोग मिलेगा और इससे लोगों के जीवन में भी सुधार आएगा।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सरकार की कीर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत द्वीपसमूह में भी भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए परीक्षण किया जा रहा है। अब तक दस से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के ढाई हजार से अधिक बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया जा चुका है। कीर्ति कार्यक्रम का उद्घाटन आज सुबह साढ़े नौ बजे नेवी चिल्ड्रन स्कूल में होगा, जो तेईस अगस्त तक चलेगा। साई की प्रभारी सहायक निदेशक देबास्मिता बाल ने उम्मीद जताई कि इस प्रतिभावान पहचान कार्यक्रम से द्वीपसमूह से कई प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान होगी।

<><><><><><><>

इग्नू की पोर्ट ब्लेयर क्षेत्रीय केन्द्र ने कृषि अध्ययन में दो नए पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। मधुमक्खी पालन में प्रमाणपत्र और फलों और सब्जियों से मूल्यवर्धित उत्पादों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम ग्रामीण युवाओं, कृषि उद्यमियों और कृषि व्यवसाय प्रबंधकों के लिए लाभकारी होंगे। इस वर्ष जुलाई के लिए इग्नू में प्रवेश जारी है। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी और पी जी में पंजीकरण कराने की इक्कतीस अगस्त अंतिम तिथि है।

<><><><><><><>